AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# दस केंद्रों पर होगी यूजी-पीजी की सेमेस्टर परीक्षा

## लखनऊ विश्वविद्यालय में 14 से शुरू हो रही हैं परीक्षाएं, वेबसाइट पर ब्योरा अपलोड

माई सिटी रिपोर्टर



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं 10 केंद्रों पर होंगी। परीक्षाएं 14 जनवरी से शुरू हो रही हैं। छात्र इसकी जानकारी लविवि की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

बीजेएमसी तृतीय व पंचम और एमजेएमसी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा लविवि में होगी। यहां लविवि समेत संबद्ध कॉलेजों के छात्र परीक्षा देंगे। एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा लविवि और बीएसएनवी पीजी कॉलेज में होगी। लविवि में यूनिवर्सिटी के छात्र तो बीएसएनवी में विवि से संबंद्ध कॉलेजों के छात्र परीक्षा देंगे।

एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा हेतु लविवि के छात्रों के लिए लविवि और अन्य संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय अलीगंज में परीक्षा होगी। एमए इकोनॉमिक्स तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा लविवि के छात्र लविवि में और संबद्ध कॉलेजों के छात्र मुमताज पीजी कॉलेज में देंगे। बीपीएड की सेमेस्टर परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। लविवि में विवि के छात्र, श्री जेएनपीजी कॉलेज में जेएनपीजी कॉलेज और आर्यावर्त इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन के छात्र, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज में लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, जीएसआरएम मेमोरियल पीजी कॉलेज व भालचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट के छात्र और रजत डिग्री कॉलेज कमता में रजत डिग्री कॉलेज व सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज के छात्र परीक्षा देंगे। बीएससी एग्रीकल्चर विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। चंद्र भानु गुप्ता कृषि महाविद्यालय और महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज में अपने-अपने कॉलेज के छात्र और कालीचरण डिग्री कॉलेज में भाल चंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट के छात्र परीक्षा देंगे।

### अब 10 तक भरें ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लविवि ने नियमित, बैक पेपर व एग्जंप्टेड विषम सेमेस्टर परीक्षा, प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्रों को छोड़कर अन्य छात्रों की ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। बीए, बीएससी, बीकॉम तृतीय एवं पंचम, पीजी व पीजी डिप्लोमा, बीकॉम ऑनर्स, बीसीए, एमसीए, बीएससी व एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय के छात्र और विधि व आईएमएस के पाठ्यक्रमों को छोड़कर अन्य छात्र विस्तारित अंतिम तिथि का लाभ उठा सकते हैं। छात्र वेबसाइट www.exam.luonline.in www.lkouniv.ac.in के माध्यम से 10 जनवरी तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना ने बताया कि लविवि के नियमित छात्रों को परीक्षा फॉर्म का शुल्क जमा नहीं करना है। वे केवल ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। बैकपेपर, इंप्रूवमेंट व एग्जंप्टेड के छात्रों को ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। वहीं, संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर विवि द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करना होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

### बीपीएड, एमपीएड की परीक्षा 15 से

लखनऊ। लविवि में बीपीएड तृतीय सेमेस्टर, एमपीएड तृतीय सेमेस्टर, एमए व एमएससी एंथ्रोपोलॉजी तृतीय सेमेस्टर और एमए व एमएससी फोरेंसिक साइंस तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 15 जनवरी से दो पालियों में शुरू होगी। परीक्षा कार्यक्रम लविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 15 जनवरी से 21 जनवरी तक सुबह की पाली नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। वहीं, एमपीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 21 जनवरी दोपरह की पाली दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। एमए व एमएससी एंथ्रोपोलॉजी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 15 से 24 जनवरी और एमए व एमएससी फोरेंसिक साइंस तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर की पाली दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

■ ***प्रयोगात्मक परीक्षा आठ से :*** लविवि शारीरिक शिक्षा विभाग की बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा आठ, 10 व 11 जनवरी और एमपीएड तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा आठ व 10 जनवरी को सुबह 6:30 बजे से होगी। समन्वयक डॉ. शशि कनौजिया ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग के छत्रपति शिवाजी मैदान में होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 9

●विश्वविद्यालय के छात्र परिसर में ही देंगे परीक्षाएं●अन्य केंद्रों में फेरबदल किए गए●वेबसाइट पर देख सकते हैं जानकारी

# एलयू:पीजी परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी

ऐलान

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस समय परीक्षाओं का मौसम चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को परीक्षा नियंत्रक ने पीजी परीक्षाओं के कुछ विषयों के लिए केन्द्रों की सूची जारी कर दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र परिसर में ही अपनी परीक्षाएं देंगे। वहीं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के केन्द्रों में फेरबदल किए गए हैं। केन्द्रों की विस्तृत सूची लखनऊ विवि की वेबसाइट **www.lkouniv.ac.in** पर उपलब्ध है। इसके साथ ही तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख भीबढ़ाकर 10 जनवरी कर दी गई है।

**फोरेंसिक साइंस, एन्थ्रोपोलॉजी की परीक्षाएं 15 से :** लखनऊ विवि में पीजी सेमेस्टर परीक्षाओं के जारी किए जा रहे परीक्षा कार्यक्रम के क्रम में बुधवार को एमए-एमएससी फोरेंसिक साइंस और एन्थ्रोपोलॉजी सेमेस्टर तीन के परीक्षा कार्यक्रम जारी किए गए। दोनों ही परीक्षाएं 15 जनवरी से शुरू हो रही हैं। एन्थ्रोपोलॉजी में 15 जनवरी को पब्लिक हेल्थ, 17 को रिसर्च मेथडोलॉजी एंड टेक्नीक्स, 19 को जनरल एन्थ्रोपोलॉजी, 21 को डेवलपमेंट एन्थ्रोपोलॉजी और 24 जनवरी को प्रैक्टिसिंग एन्थ्रोपोलॉजी का पेपर दोपहर की पाली में होगा। वहीं एमए-एमएससी फोरेंसिक साइंस सेमेस्टर तीन में 15 को क्रिमिनोलॉजी, क्रिमिनल लॉ-पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन, 17 को फोरेंसिक बायोलॉजी एंड फिजियोलॉजी, 19 को साइबर क्राइम/एमओओसीएस का पेपर होगा।



- लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र परिसर में ही देंगे परीक्षाएं
- सहयुक्त कॉलेजों के केन्द्र बदल दिए गए

### ऐसे बने केंद्र

बीजेएमसी (तीसरा व पांचवां सेमेस्टर) और एमजेएमसी (तीसरा सेमेस्टर)-
लखनऊ विवि (एलयू व अन्य सभी कॉलेजों का परीक्षा केन्द्र)
एमए हिन्दी तीसरा सेमेस्टर-
लखनऊ विश्वविद्यालय- स्वकेन्द्र
बीएसएनवी पीजी कॉलेज- लखनऊ विवि के सभी सहयुक्त कॉलेज
एमए अंग्रेजी तीसरा सेमेस्टर-
लखनऊ विश्वविद्यालय- स्वकेन्द्र
नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राजकीय महाविद्यालय- लखनऊ विवि के सभी सहयुक्त कॉलेज
एमए इकोनॉमिक्स तीसरा सेमेस्टर-
लखनऊ विश्वविद्यालय- स्वकेन्द्र
मुमताज पीजी कॉलेज- लखनऊ विवि के सभी सहयुक्त कॉलेज
बीपीएड सेमेस्टर परीक्षा-
लखनऊ विवि- स्वकेन्द्र
जेएनपीजी कॉलेज- जेएनपीजी कॉलेज और आर्यावर्त इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन
लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज- लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, जीएसआरएम मेमोरियल पीजी कॉलेज, भालचन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट।
रजत डिग्री कॉलेज, कमता- रजत डिग्री कॉलेज, सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज
बीएससी एग्रीकल्चर-
चन्द्रभानु गुप्ता कृषि महाविद्यालय, बीकेटी- स्वकेन्द्र
महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज, मोहनलालगंज- स्वकेन्द्र
कालीचरण डिग्री कॉलेज- भालचन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट

### एलयू: 10 जनवरी तक भरें परीक्षाफॉर्म

लखनऊ। जनवरी में होने वाली यूजी व पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख एक बार फिर 10 जनवरी तक बढ़ाई गई है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार बीए, बीएससी, बीकॉम (तृतीय व पंचम) और पीजी/पीजी डिप्लोमा/ बीकॉम (आनर्स)/बीसीए, एमसीए, एमएससी (एग्रीकल्चर), बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड ललित कला संकाय व अन्य सेमेस्टर (विधि और आईएमएस को छोड़कर) पाठ्यक्रमों के नियमित/बैक पेपर और एक्जमप्टेड सेमेस्टर परीक्षाओं (प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्रों को छोड़कर) परीक्षाओं के लिए छात्र 10 जनवरी तक ऑनलाइन परीक्षाफार्म भर सकते हैं।

### बीपीएड, एमपीएड प्रैक्टिकल 8 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीपीएड और एमपीएड तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 8, 10 और 11 जनवरी को होंगी। वहीं एमपीएड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 8 और 10 जनवरी को होंगी। परीक्षाएं सुबह 6:30 बजे से शारीरिक शिक्षा विभाग के छत्रपति शिवाजी मैदान पर होंगी।

### बीपीएड की परीक्षाएं 15 से, एमपीएड की 17 से

बुधवार को ही बीपीएड और एमपीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। बीपीएड सेमेस्टर तीन में 15 जनवरी को स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, 17 को कम्प्यूटर एप्लिकेशंस एंड करिकुलम डिजाइन इन फिजिकल एजुकेशन, 19 को स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एंड सोशियोलॉजी और 21 जनवरी को स्पोर्ट्स मेडिसिन, फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलेशन के पेपर होंगे।

### डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 22 जनवरी को होगा

लखनऊ। लखनऊ विवि के कॉमर्स विभाग में पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 22 जनवरी को विभाग में होगा। इसके अलावा सुपरवाइजर का एलॉटमेंट और सिनॉप्सिस प्रेजेंटेशन भी 22 को ही दोपहर 1 बजे से किया जाएगा।

AMRIT VICHAR PAGE 5

### लविवि ने पीजी परीक्षाओं के लिए जारी की केन्द्रों की सूची

लखनऊ। लविवि में इस समय परीक्षाओं का मौसम चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा पीजी परीक्षाओं के कुछ विषयों के लिए केन्द्रों की सूची जारी की गई। इसके अलावा एमए-एमएससी एन्थ्रोपोलॉजी, फोरेंसिक साइंस, बीपीएड, एमपीएड के परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किए गए हैं। परीक्षाकेन्द्रों की सूची के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र परिसर में ही अपनी परीक्षाएं देंगे। वहीं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के केन्द्रों में फेरबदल किए गए हैं। केन्द्रों की विस्तृत सूची लखनऊ विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। इसके साथ ही तीसरे व पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख भी एक बार फिर बढ़ाकर 10 जनवरी कर दी गई है।

### बीपीएड की परीक्षाएं 15 से, एमपीएड की 17 से

लखनऊ। बुधवार को ही बीपीएड और एमपीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। बीपीएड सेमेस्टर तीन में 15 जनवरी को स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, 17 को कम्प्यूटर एप्लिकेशंस एंड करिकुलम डिजाइन इन फिजिकल एजुकेशन, 19 को स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एंड सोशियोलॉजी और 21 जनवरी को स्पोर्ट्स मेडिसिन, फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलेशन के पेपर होंगे। इनका समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगा। इसी तरह एमपीएड तृतीय सेमेस्टर में 17 जनवरी को टेस्ट, मीजरमेंट एंड इवैलुएशन स्पोर्ट्स, मेडिसिन/साइंटिफिक प्रिंसिपल ऑफ स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, 19 को स्पोर्ट्स जर्नलिज्म/स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एंड करिकुलम/फिजिकल फिटनेस एंड वेलनेस और 21 जनवरी को एक्सरसाइज फिजियोलॉजी/स्टैटिस्टिक्स/स्पोर्ट्स/हिस्ट्री एंड प्रिंसिपल्स इन फिजिकल एजुकेशन के पेपर होंगे।

PIONEER PAGE 3

### पंडित दिन दयाल शोध पीठ के तहत डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय का समाजकार्य विभाग अगले सत्र से पंडित दिन दयाल शोध पीठ के तहत डिप्लोमा से लेकर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करेगा। इसके साथ ही केंद्र के आदर्श ग्राम के फार्मूले के तहत 5 गांव भी गोद लेगा।

समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अनूप भारतीय ने बताया कि पिछले सत्र से विभाग में पंडित दिन दयाल शोध पीठ की स्थापना की गई है। इस पीठ के तहत डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसे अगले सत्र से लागू किया जाएगा। पीठ के तहत स्टूडेंट्स पंडित दिन दयाल के बारे में भी जान सकेंगे। प्रो भारतीय ने बताया कि केंद्र की सरकार की तरफसे सांसदों को एक एक गांव गोद लेने की योजना के आधार पर विभाग की तरफसे पांच गांव गोद लिए जाएंगे। यह गांव ग्रामीण क्षेत्र के हैं, इनका अर्बन एरिया से कोई संबंध नहीं है। गांवों का चुनाव भी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गोद लिए गए गांवों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कर वहां पर जरूरत के मुताबिक सरकारी विभागों से समन्वय करके वहां के स्तर को ऊंचा उठाने की कोशिश की जाएगी।

i-NEXT PAGE 6

### एलयू के सेमेस्टर एग्जाम सेंटर्स की सूची जारी

LUCKNOW (5 Jan): लखनऊ यूनिवर्सिटी में बुधवार को एग्जाम कंट्रोलर कार्यालय द्वारा पीजी एग्जाम के कुछ विषयों के लिए सेंटर्स की सूची जारी की गई. इसके अलावा एमए, एमएससी एन्थ्रोपोलॉजी, फोरेंसिक साइंस, बीपीएड, एमपीएड के एग्जाम कार्यक्रम भी जारी किए गए हैं.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# पीजी परीक्षाओं के कुछ विषयों के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी



स्वतंत्रभारत संवाददाता,लखनऊ।

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस समय परीक्षाओं का मौसम चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा पीजी परीक्षाओं के कुछ विषयों के लिए केन्द्रों की सूची जारी की गई। इसके अलावा एमए-एमएससी एन्थ्रोपोलॉजी, फोरेंसिक साइंस, बीपीएड, एमपीएड के परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किए गए हैं। परीक्षाकेन्द्रों की सूची के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र परिसर में ही अपनी परीक्षाएं देंगे। वहीं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के केन्द्रों में फेरबदल किए गए हैं। केन्द्रों की विस्तृत सूची लखनऊ विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके साथ ही तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख भी एक बार फिर बढ़कर 10 जनवरी कर दी गई है।

बीजेएमसी (तीसरा व पांचवां सेमेस्टर) और एमजेएमसी (तीसरा सेमेस्टर)-
लखनऊ विवि (एलयू व अन्य सभी कॉलेजों का परीक्षा केन्द्र)
एमए हिन्दी तीसरा सेमेस्टर-
लखनऊ विश्वविद्यालय- स्वकेन्द्र
बीएसएनवी पीजी कॉलेज- लखनऊ विवि के सभी सहयुक्त कॉलेज
एमए अंग्रेजी तीसरा सेमेस्टर-
लखनऊ विश्वविद्यालय- स्वकेन्द्र
नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राजकीय महाविद्यालय- लखनऊ विवि के सभी सहयुक्त कॉलेज
एमए इकोनॉमिक्स तीसरा सेमेस्टर-
लखनऊ विश्वविद्यालय- स्वकेन्द्र
मुमताज पीजी कॉलेज- लखनऊ विवि के सभी सहयुक्त कॉलेज
बीपीएड सेमेस्टर परीक्षा-
लखनऊ विवि- स्वकेन्द्र
जेएनपीजी कॉलेज- जेएनपीजी कॉलेज और आर्यावर्त इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन
लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज- लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, जीएसआरएम मेमोरियल पीजी कॉलेज, भालचन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट।
रजत डिग्री कॉलेज, कमता- रजत डिग्री कॉलेज, सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज
बीएससी एग्रीकल्चर-
चन्द्रभानु गुप्ता कृषि महाविद्यालय, बीकेटी- स्वकेन्द्र
महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज, मोहनलालगंज- स्वकेन्द्र
कालीचरण डिग्री कॉलेज- भालचन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट

**फोरेंसिक साइंस, एन्थ्रोपोलॉजी की परीक्षाएं 15 से**

लखनऊ विवि में पीजी सेमेस्टर परीक्षाओं के जारी किए जा रहे परीक्षा कार्यक्रम के क्रम में बुधवार को एमए-एमएससी फोरेंसिक साइंस और एन्थ्रोपोलॉजी सेमेस्टर तीन के परीक्षा कार्यक्रम जारी किए गए। दोनों ही परीक्षाएं 15 जनवरी से शुरू हो रही हैं। एन्थ्रोपोलॉजी में 15 जनवरी को पब्लिक हेल्थ, 17 को रिसर्च मेथडोलॉजी एंड टेक्नीक्स, 19 को जनरल एन्थ्रोपोलॉजी, 21 को डेवलपमेंट एन्थ्रोपोलॉजी और 24 जनवरी को प्रैक्टिसिंग एन्थ्रोपोलॉजी का पेपर दोपहर की पाली में (दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक) होगा। वहीं एमए-एमएससी फोरेंसिक साइंस सेमेस्टर तीन में 15 जनवरी को क्रिमिनोलॉजी, क्रिमिनल लॉ एंड पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन, 17 को फोरेंसिक बायोलॉजी एंड फिजियोलॉजी, 19 को साइबर क्राइम/एमओओसीएस, 21 को फोरेंसिक बैलिस्टिक्स/फायर, आर्सन एंड एक्सप्लोसिव/ओस्टियोलॉजी एंड ओडॉन्टोलॉजी और 24 जनवरी को फोरेंसिक साइकोलॉजी का पेपर होगा। ये परीक्षाएं भी दोपहर की पाली में, दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

**बीपीएड की परीक्षाएं 15 से, एमपीएड की 17 से**

बुधवार को ही बीपीएड और एमपीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। बीपीएड सेमेस्टर तीन में 15 जनवरी को स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, 17 को कम्प्यूटर एप्लिकेशंस एंड करिकुलम डिजाइन इन फिजिकल एजुकेशन, 19 को स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एंड सोशियोलॉजी और 21 जनवरी को स्पोर्ट्स मेडिसिन, फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलेशन के पेपर होंगे। इनका समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगा। इसी तरह एमपीएड तृतीय सेमेस्टर में 17 जनवरी को टेस्ट, मीजरमेंट एंड इवैलुएशन स्पोर्ट्स, मेडिसिन/साइंटिफिक प्रिंसिपल ऑफ स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, 19 को स्पोर्ट्स जर्नलिज्म/स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एंड करिकुलम/फिजिकल फिटनेस एंड वेलनेस और 21 जनवरी को एक्सरसाइज फिजियोलॉजी/स्टैटिस्टिक्स/स्पोर्ट्स बायोमैकेनिक्स/आईसीटी/स्पोर्ट्स इंजीनियरिंग/हिस्ट्री एंड प्रिंसिपल्स इन फिजिकल एजुकेशन (एन्शिएंट, वेस्टर्न, मॉडर्न) के पेपर होंगे।

**10 जनवरी तक भरें परीक्षाफॉर्म**

जनवरी में होने वाली यूजी व पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख एक बार फिर 10 जनवरी तक बढ़ाई गई है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार बीए, बीएससी, बीकॉम (तृतीय व पंचम) और पीजी/पीजी डिप्लोमा/ बीकॉम (आनर्स)/बीसीए, एमसीए, एमएससी (एग्रीकल्चर), बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड ललित कला संकाय व अन्य सेमेस्टर (विधि और आईएमएस को छोड़कर) पाठ्यक्रमों के नियमित/बैक पेपर और एक्जमप्टेड सेमेस्टर परीक्षाओं (प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्रों को छोड़कर) परीक्षाओं के लिए छात्र 10 जनवरी तक ऑनलाइन परीक्षाफार्म भर सकते हैं।